संख्याः 92/2026/224पू0वि0नि0/35-1-2026-1770664

प्रेषक,

शैलेश कुमार तिवारी,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,सेवा में,

जिलाधिकारी,

चन्दौली।

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 29 मार्च,2026

विषयः- पूर्वान्चल विकास निधि (राज्यांश) अनुदान संख्या-40 में जनपद चन्दौली की कुल 09 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवशेष धनराशि के आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय, महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली के पत्र संख्या-658/पू0वि0नि0/द्वि0किश्त/2024-25, दिनांक 17.10.2025, पत्र संख्या-795/पू0वि0नि0/द्वि0किश्त/2024-25, दिनांक 27.11.2025 एवं पत्र संख्या-1151/पू0वि0नि0/द्वि0किश्त/2024-25, दिनांक 20.02.2026 तथा अपने पत्र संख्या-1170/पू0वि0नि0/द्वि0किश्त/2024-25, दिनांक 21.02.2026 एवं पत्र संख्या-1171/पू0वि0नि0/द्वि0किश्त/2024-25, दिनांक 21.02.2026 का संदर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा पूर्वान्चल विकास निधि(राज्यांश) अनुदान संख्या-40 के अन्तर्गत स्वीकृत जनपद चन्दौली की कुल 11 परियोजनाओं से संबंधित प्रपत्र यथा- मांग प्रपत्र(बी0एम0-15), यूसी/फार्म-42 आई, फोटोग्राफ, एनेग्जर-2 एवं निरीक्षण/सत्यापन आख्या सहित जी0एस0टी0 संबंधी सूचना उपलब्ध कराते हुये अवशेष धनराशि की मांग की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भित पत्रों द्वारा प्रस्तावित कुल 11 परियोजनाओं हेतु अवशेष धनराशि की मांग के सापेक्ष निम्नांकित तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित कुल 09 परियोजनाओं हेतु स्तम्भ-5 में अंकित धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति स्तम्भ-3 में अंकित शासनादेश द्वारा प्रदान की गई है। तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित परियोजनाओं के चालू क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में अगली किश्त के रूप में संबंधित परियोजनाओं के सम्मुख स्तम्भ-13 में अंकित संगत धनराशि अर्थात कुल 09 परियोजनाओं हेतु स्तम्भ-13 में अंकित योग रू० 87.64 लाख(रूपये सत्तासी लाख चौंसठ हजार मात्र) की धनराशि पूर्वान्चल विकास निधि(राज्यांश) अनुदान संख्या-40 से अवमुक्त करते हुये अधोलिखित प्रस्तर-3 की शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पूर्वांचल विकास निधि(राज्यांश) अनुदान संख्या- 40 **(धनराशि रू0 लाख में)**

क्र.	परियोजना का नाम	मूल शासनादेश संख्या एवं दिनांक	लम्बाई कि0मी0 में	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	अब तक अवमुक्त धनराशि	GST एवं अन्य सूचना अनुसार मांगी गयी अवशेष धनराशि	गठित अनुबन्ध की लागत	गठित अनुबन्धके आधार पर जी0एस0टी0 कंटेंजेंसी चार्ज की कुल लागत	कार्य के अनुबन्ध के अनुसार कुल लागत	गठित अनुबन्ध के आधार पर बचत की धनराशि	उपलब्ध करायी गयी GST एवं अन्य सूचना अनुसार आंकलित अवशेष धनराशि	वित्तीय वर्ष 2025-26 से अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	विकास खण्ड चकिया के ग्राम सभा सोनहुल में जितेन्द्र सिंह के घर से गोपाल खरवार के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य।	शा0सं0-51/2025/604पू0वि0नि0/35-1-2025/35-1099/30/2025दिनांक:29.03.2025	0.315	21.50	10.75	10.73	18.06	3.42	21.49	0.01	10.74	10.74
2	विकास खण्ड नौगढ़ के ग्राम सभा अमदहा चरनपुर में रामचन्दर केशरी के घर से अशोक सिंह के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य।	तदैव	0.160	16.09	8.04	7.97	13.45	2.55	16.00	0.09	7.96	7.96

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3	विकासखण्ड नौगढ़ में ग्राम सभा गढ़वा के राजस्व ग्राम सत्यनारायणपुर में प्राथमिक विद्यालय के दक्षिण मेन रोड से रमाकान्त शुक्ला के घर तक सी०सी०रोड निर्माण कार्य।	तदैव	0.135	10.41	5.20	5.21	8.75	1.65	10.40	0.01	5.20	5.20
4	विकास खण्ड चकिया के ग्राम सभा मैनपुर में शंकर जी के मंदिर से पंचायत भवन तक साईडवॉल, ह्युम पाईप एवं सी०सी० रोड निर्माण कार्य।	तदैव	0.313	29.00	14.50	14.46	24.34	4.62	28.96	0.04	14.46	14.46
5	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड नियमताबाद में पत्रोदेवी शिक्षण संस्थान महाविद्यालय लक्ष्मीपुर मुगलसराय में ग्राम लोहरा चौराहा से महाविद्यालय के गेट तक सी० सी० रोड का निर्माण कार्य।	तदैव	0.150	10.97	5.48	5.40	9.14	1.73	10.87	0.10	5.39	5.39

http://shasanadesh.up.gov.in

6	विकास खण्ड धानापुर के कमालपुर अमड़ा मुख्य मार्ग से चिलबिड़ी गोपालपुर सम्पर्क मार्ग तक पिच रोड़ का निर्माण कार्य।	शा0सं0-64/2025/624पू0वि0नि0/35-1-2025/35-1/1/2025 दिनांक:30.03.2025	1.050	51.64	25.82	25.80	43.37	8.23	51.60	0.04	25.78	25.78
7	विकास खण्ड शहाबगंज के ग्राम सभा पड़रिया में राघव चौहान के घर से मधुसूदन के खेत तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य।	शासनादेश सं0-51/2025/6040पू0वि0नि0/35-1-2025/35-1099/30/2025दिनांक:29.03.2025	0.225	15.40	7.70	7.67	12.91	2.44	15.35	0.05	7.65	7.65
8	विकास खण्ड चकिया के ग्राम सभा सोता में नहर पुलिया से गुलाब सिंह के मकान से प्राथमिक विद्यालय की तरफ सीसी रोड निर्माण कार्य।	तदैव	0.250	16.26	8.13	8.12	13.65	2.58	16.23	0.03	8.10	8.10
9	विकास खण्ड शहाबगंज के ग्राम	तदैव	0.165	4.83	2.41	2.41	4.01	0.76	4.77	0.06	2.36	2.36

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	सभा वनरशिया से इशरगोड़वा में सुरेंद्र के घर से राम किशुन के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।											
योग			2.763	176.1	88.03	87.77	147.68	27.98	175.67	0.43	87.64	87.64

(रूपये सत्तासी लाख चौंसठ हजार मात्र)

3.शर्तें एवं प्रतिबन्धः-

1. यह धनराशि केवल उक्त परियोजना पर ही मानक विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा। इससे इतर किसी अन्य परियोजना पर व्यय किये जाने पर वित्तीय अनियमितता होगी, जिसका सम्पूर्ण दायित्व आपका होगा।
2. सम्बन्धित जिलाधिकारी का दायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य के अवशेष कार्य कड़ी निगरानी में समयबद्ध ढंग से पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप पूर्ण कराये जायें। यह सुनिश्चित किया जाय कि आवंटित धनराशि का किसी भी प्रकार से दुरूपयोग न हो। यदि धनराशि का दुरूपयोग होगा तो उसके लिये आप पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।
3. उक्त परियोजना पर होने वाले व्यय को स्वीकृत धनराशि तक ही सीमित रखा जाय, कार्य की विशिष्टियां, मानक, गुणवत्ता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिलाधिकारीकी होगी तथा वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि फण्डिंग की डुप्लीकेसी न हो तथा कार्य समय से पूर्ण करा लिया जाय।
4. आवंटित धनराशि का आहरण करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि पूर्व में आवंटित धनराशि का पूर्ण रूप में सदुपयोग कर लिया गया है एवं कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है तथा आवंटित धनराशि से कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा तथा पूर्व में कराये गये कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक है।
5. स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा धनराशि बैंक में कदापि नही रखी जाय। स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्यों पर ही व्यय की जायेगी।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारीकी अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
7. परियोजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार ही किये जायेगे।
8. निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री का क्रय स्टोर परचेज नियमों तथा समय-समय पर जारी तत्सम्बन्धी शासनादेशों एवं नियमों के अनुसार ही किया जायेगा तथा कार्य के अनुमान/आगणन पर यथा स्थिति सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का व्यय परियोजनाओं की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन व सर्वेक्षण रिपोर्ट तथा सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात सुनिश्चित किया जायेगा।

9. यह सुनिश्चित किया जाय कि स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये ही किया जाय।

10. स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष योजनावार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति जिलाधिकारीद्वारा कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक प्रमुख सचिव, नियोजन अनुभाग-1 उ0प्र0शासन, लखनऊ को निर्धारित प्रपत्र पर भेजी जायेगी।

11. सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रमाण पत्र बजट मैनुअल के प्राविधानों के अनुसार अनिवार्य रूप से नियत समय पर महालेखाकार, उ0प्र0 व उ0प्र0 शासन को प्रेषित किये जायेंगे।

12. स्वीकृत परियोजना के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग दिनांक 31-3-2026 तक अवश्य कर लिया जाय तथा परियोजनाओं में जनपद स्तर पर कोई संशोधन/परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

13. परियोजनाओं हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में कार्यदायी संस्था-फार्म-42 आई परउपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायेगी जो स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्य मानक/विशिष्टि के अनुरूप पूर्णतया संतोषजनक पाये जाने पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र अपने प्रतिहस्ताक्षर के उपरान्त फोटोग्राफ्स सहित प्रमुख सचिव, नियोजन अनुभाग-1, उ0प्र0शासन, लखनऊ को प्रेषित करेंगे तथा उसकी प्रति मण्डलायुक्त को उपलब्ध करायेंगे। परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है तो अवशेष बच रही धनराशि को ट्रेजरी चालान के माध्यम से कोषागार में सुसंगत लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा कराकर ट्रेजरी चालान की प्रमाणित प्रति शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

14. मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी परियोजना के निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं तदुपरांत सृजित परिसम्पत्तियों के रख-रखाव की भी समुचित व्यवस्था कर लेंगे, यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति न हो।

15. परियोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी होंगे।

16. नियोजन विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का आनलाइन आवंटन किये जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड विषयक वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या–10/2022/बी-1-345/दस-2022 दिनांक 04-05-2022 निर्गत किया गया है। अतः अब समस्त धनराशि का आहरण वितरण संबंधी कार्य आहरण वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं संबंधित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04-05-2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

17. स्वीकृत की जा रही धनराशि के व्यय/उपयोग हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा एस0सी0एस0पी0/टी0एस0पी0 हेतु निर्धारित मानक तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

18. उपर्युक्त परियोजना के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारीउत्तरदायी होंगे एवं तदनुसार कार्य कराने हेतु कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय बनाये रखेंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

19. विषयगत कार्यों के संबंध में पूर्व में निर्गत मूल शासनादेश के नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

4. इस संबंध में होने वाला व्यय रू० 87.64 लाख(रूपये सत्तासी लाख चौंसठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या–40 के लेखा शीर्षक ''4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूँजीगत परिव्यय-60-अन्य-800-अन्य व्यय 03-पूर्वान्चल की विशेष योजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-24-वृहद निर्माण कार्य'' के नामें डाला जायेगा।

5. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किए जा रहे है।

भवदीय,
(शैलेश कुमार तिवारी)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. महालेखाकार,लेखा परीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3. अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
6. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी ।
7. मण्डलायुक्त, वाराणसी।
8. मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली ।
9. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, चन्दौली ।
10. वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
11. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, चन्दौली ।
12. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड, चन्दौली, ।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(शैलेश कुमार तिवारी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in